**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3245**

**सोमवार, 16 दिसंबर, 2024 / 25 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण की स्थिति**

**3245. श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा:**
**श्रीमती रूपकुमारी चौधरी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ई-श्रम पोर्टल के आरंभ से अब तक इसमें असंगठित कामगारों के पंजीकरण का राज्यवार और लिंग-वार ब्यौरा और उनकी स्थिति क्या है;

(ख) ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण को पूरा करने की समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या सभी पंजीकृत कामगारों के पास आधार से जुड़े ई-श्रम कार्ड हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत कामगारों को आधार से जुड़े ई-श्रम कार्ड जारी करने का कार्य पूरा करने की समय-सीमा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने कामगारों के पंजीकरण को पूरा करने के लिए प्रत्येक राज्य को लक्ष्य दिया है और यदि हां, तो प्रत्येक राज्य के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरणों की लक्षित संख्या निर्धारित करने के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ङ): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने असंगठित कामगारों के लिए आधार से जुड़ा एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीयूडब्ल्यू) बनाने के लिए दिनांक 26 अगस्त 2021 को ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in) की शुरुआत की। ई-श्रम पोर्टल असंगठित कामगारों को एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) प्रदान कर उन्हें पंजीकृत करने और उनकी सहायता करने के लिए है। मार्च, 2025 तक पोर्टल पर 25 करोड़ असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लक्ष्य के मुकाबले दिनांक 09.12.2024 तक 30.45 करोड़ से अधिक असंगठित कामगारों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जा चुका है।

ई-श्रम पोर्टल पर इसके शुभारंभ से असंगठित कामगारों के पंजीकरण का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार डेटा अनुलग्नक में संलग्न है।

प्रत्येक राज्य के लिए पंजीकरण के लक्ष्य आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) वर्ष 2017-18 पर आधारित हैं।

*                                                ******

**अनुबंध**

**"ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण की स्थिति" के संबंध में श्री जशुभाई भिलुभाई राठव और श्रीमती रूपकुमारी चौधरी द्वारा दिनांक 16.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3245 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

(i) दिनांक 09.12.2024 तक की स्थिति के अनुसार ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों का राज्य/ संघ राज्य-क्षेत्रवार पंजीकरण

| क्र. सं | राज्य / संघ राज्य-क्षेत्र | कुल पंजीकरण |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 32,330 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 81,31,892 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,97,887 |
| 4 | असम | 75,72,428 |
| 5 | बिहार | 2,95,72,870 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1,85,017 |
| 7 | छत्तीसगढ | 85,24,479 |
| 8 | दिल्ली | 34,57,018 |
| 9 | गोवा | 75,479 |
| 10 | गुजरात | 1,18,78,665 |
| 11 | हरियाणा | 53,51,389 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 19,81,879 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 35,31,501 |
| 14 | झारखंड | 95,99,240 |
| 15 | कर्नाटक | 1,03,36,899 |
| 16 | केरल | 60,05,225 |
| 17 | लद्दाख | 33,393 |
| 18 | लक्षद्वीप | 2,792 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1,84,21,762 |
| 20 | महाराष्ट्र | 1,73,05,458 |
| 21 | मणिपुर | 4,51,694 |
| 22 | मेघालय | 3,25,860 |
| 23 | मिजोरम | 64,942 |
| 24 | नागालैंड | 2,31,526 |
| 25 | ओडिशा | 1,35,32,618 |
| 26 | पुदुचेरी | 1,89,258 |
| 27 | पंजाब | 57,67,014 |
| 28 | राजस्थान | 1,42,63,016 |
| 29 | सिक्किम | 42,110 |
| 30 | तमिलनाडु | 88,92,235 |
| 31 | तेलंगाना | 44,47,080 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 74,343 |
| 33 | त्रिपुरा | 8,84,652 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 8,37,37,987 |
| 35 | उत्तराखंड | 30,53,939 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2,64,02,829 |
|  | कुल | **30,45,58,706** |

(ii) दिनांक 09.12.2024 तक की स्थिति के अनुसार ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों का महिला-पुरुष वार (लिंगवार) पंजीकरण

- महिला - 16,31,70,144
- पुरुष - 14,13,81,321
- अन्य - 7,241

******